**INTERMEDIATE (IPC)**
**GROUP I - PAPER 2**
**BUSINESS LAWS, ETHICS AND COMMUNICATION**

**NOV 2014**

Roll No. ..............................

Total No. of Questions – **7** Total No. of Printed Pages – **12**

Time Allowed – **3** Hours Maximum Marks – **100**

# WTO–H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be valued.

Question No. **1** is compulsory.

Attempt any **five** questions from the remaining **six** questions.

**Marks**

1. (a) X sent a consignment of goods worth ₹ 2,90,000 by railway and got railway receipt for the same. He obtained an advance of ₹ 2,60,000 from the bank and endorsed and delivered the railway receipt in favour of the bank by way of security for the advance. The railway failed to deliver the goods at the destination. The bank filed a suit against the railway for ₹ 2,90,000. Decide in the light of provisions of the Indian Contract Act, 1872, whether the bank would succeed in the said suit ? **5**

Marks

(b) The XYZ Traders Association was constituted by four joint Hindu families consisting of 25 major and 2 minors members. The Association was carrying on the business of trading as retailers with the object for acquisition of gains. The Association was not registered as a company under the Companies Act, 1956 or any other law. 5

State whether the XYZ Traders Association is having any legal status ? Will there by any change in the status of this Association if the members of the XYZ Traders Association subsequently were reduced to 18 ?

(c) State with reasons whether the following statements are correct or incorrect :

(i) Economic growth can not be possible without ecological costs. 3

(ii) Ethics programs are not helping to manage values associated with quality management, strategic planning and diversity management. 2

(d) Prepare the detailed checklist for composing business message in an organization. 5

2. (a) (I) Under the provisions of the Payment of Bonus Act, 1965 decide whether the following employees are entitled for bonus : 4

(i) Employee employed by educational institutions;

(ii) A reinstated employee without wages for the period of dismissal.

Marks

(II) Wazir Chand happens to be a retired Railway servant who occupies the Government quarter, and even after superannuation continued to occupy the Government quarter. For such continuance, the Government, in accordance with Rules, has charged penal rent from the retired Wazir Chand and after adjusting the dues of the Government, the balance amount of the gratuity, which was payable, has been offered to be paid. **4**

Examine the contention of the Government and the decision taken by Government to adjust the amount of gratuity in the lights of the provision of the Payment of Gratuity Act, 1972.

(b) Examine the concept of Corporate Social Responsibility (CSR) and also explain in brief some of the key strategies which can be used by companies while implementing CSR policies and practices. **4**

(c) Explain the term "Semantic Problems" as the source contributing towards noise factor. **4**

3. (a) Explain what is meant by "Supervening Impossibility" as per the Indian Contract Act, 1872 and also state the situations which would not constitute grounds of impossibility. **8**

(b) The industries that are based on natural resources, like minerals, timber, fibre and foodstuffs, have some special responsibility for making "environment-friendly products". Examine this statement and also explain in brief the concept of Green Accounting System. **4**

Marks

(c) "Once the process of consensus building has begun, mediators try to assist the parties in their efforts to generate a creative resolution of differences". Examine this statement and also state in brief the process which should be followed by mediators to resolve the differences between the parties. 4

4. (a) (i) Define the term "Free Reserves" as contained in the Companies Act, 2013. 4

(ii) Elucidate the circumstances in which a company cannot buy back its own shares as per the provisions of the Companies Act, 2013. M/s Growmore Pharma Limited is planning to buyback of its shares during the current year but the company has defaulted in the payment of term loan & interest thereon to its bankers. The company seeks your advice as to how and when the company can buy back its shares under these circumstances as per the provisions of the Companies Act, 2013. 4

(b) What corporate governance measures are required to be implemented by Indian Companies as per clause 49 of the listing agreement ? Explain in brief. 4

(c) Explain the key elements involved in the innovation frame work of an organisation. 4

5. (a) (i) Explain the terms 'Acceptance for Honour' and 'Drawee in case of need' as used in the Negotiable Instrument Act, 1881. 4

**Marks**

(ii) S by inducing T obtains a Bill of Exchange from him fraudulently in his (S) favour. Later, he enters into a commercial deal and endorses the bill to U towards consideration to him (U) for the deal. U takes the bill as a Holder-in-due-course. U subsequently endorses the bill to S for value, as consideration to S for some other deal. On maturity the bill is dishonoured. S sues T for the recovery of the money. **4**

With reference to the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881 decide whether S will succeed in the case or not.

(b) Explain what is meant by "Financial statement" as per the Companies Act, 2013. **4**

(c) Describe the factors which influence the ethical behaviour at work in an organization. **4**

6. (a) Define the term underwriting and state the circumstances in which underwriting commission can be paid as per provisions of Section 76 of the Companies Act, 1956. **8**

(b) Draft a 'Power of Attorney' by an assessee authorizing a professional to appear before the Income Tax Authorities in respect of the pending taxation matter. **4**

(c) State whether the following statements are correct or incorrect : **4**

(i) Under the Companies Act, 2013, if the General Meeting is adjourned for want of Quorum, then in case of change in the day, time, place of the adjourned meeting, the company is required to give not less than 7 days notice to the members individually or by press announcement.

**Marks**

(ii) As per Section 51 of the Companies Act, 2013, a company may, if so authorized by its Articles, pay dividends in proportion to the amount paid up on each shares.

(iii) The agreement towards compounding of an offence to avoid prosecution is void.

(iv) Bailee has no right to mix the goods bailed with his own goods without the consent of the bailor.

7. Attempt any **four** of the following :

(a) Examine the provisions in respect of Review of orders passed under Section 7A of the Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952. **4**

(b) Who shall be considered as promoter according to the definition given in the Companies Act, 2013 ? Explain. **4**

(c) Define the term "charge" and also explain what is the punishment for default with respect to registration of charge as per the provisions of the Companies Act, 2013. **4**

(d) What are "Socio-psychological Barriers" to effective communication ? Explain. **4**

(e) Describe the safeguards which may be created by finance and accounting profession and legislation to eliminate or reduce the threats to an acceptable level to ensure an ethical environment in an organization. **4**

---

**(Hindi Version)**

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है ।

शेष छः प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**Marks**

1. (अ) X ने ₹ 2,90,000 के मूल्य के माल का रेलवे द्वारा प्रेषण किया और उसके बदले रेलवे रसीद प्राप्त कर ली । उसने बैंक से ₹ 2,60,000 का अग्रिम प्राप्त किया और अग्रिम की प्रतिभूति के रूप में रेलवे रसीद का बैंक के पक्ष में पृष्ठांकन कर दिया और रेलवे रसीद बैंक को सुपुर्द कर दी । रेलवे गन्तव्य स्थान पर माल की सुपुर्दगी करने में असफल रहा । बैंक ने रेलवे के विरुद्ध ₹ 2,90,000 के लिये वाद प्रस्तुत किया । भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अन्तर्गत यह निर्णीत कीजिए कि क्या बैंक इस वाद में सफल होगा ? **5**

   (ब) एक्स वाई जेड ट्रेडर्स एसोशिएशन का 25 वयस्क और 2 अवयस्क सदस्यों को मिलाकर, चार संयुक्त हिन्दू परिवारों द्वारा गठन किया गया । यह एसोशिएशन फुटकर व्यापार का व्यवसाय लाभ प्राप्ति के उद्देश्य से कर रहा था । यह एसोशिएशन कंपनी अधिनियम 1956 अथवा किसी अन्य कानून के अन्तर्गत पंजीकृत नहीं था । **5**

   यह बताइए कि क्या एक्स वाई जेड ट्रेडर्स एसोशिएशन की कोई वैधानिक स्थिति है ? क्या एसोशिएशन की स्थिति में कोई परिवर्तन होगा यदि एक्स वाई जेड एसोशिएशन की संख्या बाद में घटाकर 18 कर दी जाती है ?

Marks

(स) कारणों सहित बताइए कि क्या निम्न कथन सही हैं अथवा गलत :

(i) पर्यावरणीय लागत के बिना आर्थिक अभिवृद्धि संभव नहीं हो सकती है । 3

(ii) नीतिगत योजनायें गुणात्मक प्रबन्धन, योजनागत रणनीति और प्रबन्धकीय विविधता से सम्बन्धित मूल्यों की व्यवस्था में सहयोग प्रदान नहीं करती हैं । 2

(द) एक संगठन के व्यावसायिक संदेश की रचना करने के लिए एक विस्तृत जांच सूची तैयार कीजिए । 5

2. (अ) (I) बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के प्रावधानों के अन्तर्गत यह निर्णय दीजिए कि निम्नलिखित कर्मचारी बोनस के लिए अधिकृत हैं अथवा नहीं : 4

(i) शिक्षण संस्थाओं द्वारा नियुक्त कर्मचारी ।

(ii) बर्खास्तगी की अवधि में वेतन के बिना वाले कर्मचारी को पुन: काम पर लगाने पर ।

(II) वजीरचन्द एक सेवा-निवृत्त रेलवे कर्मचारी हैं जिनके पास सरकारी घर है और अधिवर्षिता के बाद भी सरकारी घर में रहते रहे हैं । ऐसे लगातार रहने के लिए सरकार ने नियमों के अनुसार सेवा-निवृत्त वजीर चंद से दांण्डिक किराया वसूला और सरकारी बकाया संशोधित करने के बाद ग्रेच्युटी (उपादान) की शेष रकम जो भुगतान योग्य थी भुगतान करने का प्रस्ताव किया । 4

ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अन्तर्गत सरकार के कथन और ग्रेच्युटी की रकम में संशोधन करने के सरकार के निर्णय की परीक्षा कीजिए ।

Marks

(ब) निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के विचार का परीक्षण कीजिए और संक्षेप में कुछ मुख्य रणनीतियों को बताइए जो कंपनियों द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व की नीतियों एवं व्यवहार को लागू करने के लिए प्रयोग में लाई जा सकती हैं । 4

(स) शोर कारक के प्रति योगदान करने वाले स्त्रोत के रूप में "भाव (सेमैन्टिक) समस्या" के कथन को स्पष्ट कीजिए । 4

3. (अ) भारतीय संविदा अधिनियम 1872 के अनुसार स्पष्ट कीजिए कि "आकस्मिक असंभवता" का क्या अभिप्राय है तथा उन स्थितियों को बताइए जो असंभवता के आधारों को स्थापित नहीं करती हैं । 8

(ब) "पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाने के लिए उन उद्योगों का जो प्राकृतिक स्रोतों जैसे खनिज, लकड़ी, रेशे तथा खाद्य पदार्थों पर निर्भर हैं, विशेष दायित्व होता है"। इस कथन का परीक्षण कीजिए और संक्षेप में हरित लेखांकन के विचार को समझाइए । 4

(स) "एक बार 'अनुकूलता-निर्माण' की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाए तो मध्यस्थ पक्षों को उनके मतभेदों के रचनात्मक समाधान को संचालित करने के प्रयास में उनकी सहायता करने का प्रयास करते हैं ।" इस कथन का परीक्षण कीजिए और मध्यस्थों द्वारा पक्षों के बीच मतभेदों के समाधान करने की प्रक्रिया को संक्षेप में बताइए । 4

**Marks**

4. (अ) (i) कंपनी अधिनियम, 2013 में वर्णीत "फ्री रिजर्व" के कथन को परिभाषित कीजिए । **4**

(ii) कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत उन परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए जिनमें कंपनी अपने अंशों का पुन: क्रय नहीं कर सकती है । ग्रोमोर फार्मा लिमिटेड चालू वर्ष में अपने अंशों के पुन: क्रय की योजना बना रही है लेकिन कंपनी ने अपने बैंक के ऋण और उस पर ब्याज के भुगतान में चूक की है । कंपनी आपका परामर्श चाहती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत कंपनी इन परिस्थितियों में कब और कैसे अपने अंशों का पुन: क्रय कर सकती है ? **4**

(ब) सूचीयन समझौते के वाक्यांश 49 के अन्तर्गत भारतीय कंपनियों को किन निगमित प्रशासन (कारपोरेट गवर्नेन्स) उपायों का अनुपालन करना अपेक्षित है ? संक्षेप में समझाइए । **4**

(स) एक संगठन के नवप्रवर्तन ढांचे में जो मुख्य तत्त्व सम्मिलित होते हैं उन्हें समझाइए । **4**

5. (अ) (i) परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत प्रयुक्त "आदरार्थ स्वीकृति" और "आवश्यकता के समय का आदेशिती" शब्दों को समझाइए । **4**

(ii) S एक विनिमय पत्र T को प्रभावित करके अपने (S) नाम में कपटपूर्वक प्राप्त कर लेता है । उसके पश्चात् वह एक व्यापारिक लेन-देन करता है और वह विनिमय-पत्र U के नाम में लेन-देन के प्रतिफल के बदले पृष्ठांकित कर देता है । U एक यथाविधि धारक के रूप में विनियम-पत्र प्राप्त करता है । U उसके पश्चात् एक दूसरे लेन-देन के प्रतिफल के रूप में वह विनिमय-पत्र मूल्य के बदले S को पृष्ठांकित कर देता है । परिपक्वता तिथि पर विनिमय-पत्र का अनादरण हो जाता है । S रकम वापस पाने के लिए T पर वाद प्रस्तुत करता है । **4**

परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के संदर्भ में निर्णय दीजिए कि S इस वाद में सफल होगा या नहीं ?

**Marks**

(ब) कंपनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत "वित्तीय विवरण (फाइनेन्सियल स्टेटमेंट)" का क्या अर्थ है ? समझाइये । **4**

(स) उन कारकों (Factors) का वर्णन कीजिए जो एक संगठन के कार्यगत नीतिगत व्यवहार को प्रभावित करते हैं । **4**

6. (अ) अभिगोपन शब्द को परिभाषित कीजिए तथा यह बताइए कि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 76 के अन्तर्गत किन परिस्थितियों में अभिगोपन कमीशन का भुगतान किया जा सकता है ? **8**

(ब) लंबित कर मामले के संबंध में आय-कर अधिकारियों के समक्ष उपस्थित होने के लिए एक पेशेवर को अधिकृत करने के लिए एक करदाता द्वारा अधिकार-पत्र (Power of Attorney) का प्रारूप बनाइए । **4**

(स) बताइए कि निम्नलिखित कथन सही हैं अथवा गलत : **4**

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत यदि सामान्य सभा न्यूनतम संख्या के न होने के कारण स्थगित हो जाती है, तो स्थगित सभा के दिन, समय या स्थान के परिवर्तन की स्थिति में कंपनी के द्वारा सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से अथवा प्रेस में घोषणा के द्वारा कम से कम 7 दिनों की सूचना देना आवश्यक है ।

(ii) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 51 के अनुसार एक कंपनी यदि अन्तर्नियमों द्वारा अधिकृत है, तो प्रत्येक अंश पर प्रदत्त राशि के अनुपात में लाभांश का भुगतान कर सकती है ।

(iii) मुकदमे से बचने के लिए किसी अपराध को संयोजित (Compounding) करने का करार व्यर्थ होता है ।

(iv) निक्षेपी (Bailor) की सहमति के बिना निक्षेपगृहीता (Bailee) को निक्षेपित वस्तु को अपनी वस्तु के साथ मिलाने का अधिकार नहीं है ।

7. निम्न में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए :

(अ) कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 की धारा 7A के अधीन पारित आदेश पर पुनर्विचार के संबंध में प्रावधानों का परीक्षण कीजिए । **4**

(ब) कंपनी अधिनियम, 2013 में दी गयी परिभाषा के अनुसार किसे प्रवर्त्तक के रूप में जाना जायेगा ? स्पष्ट कीजिए । **4**

(स) "प्रभार" शब्द की परिभाषा दीजिए और यह भी स्पष्ट कीजिए कि कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार प्रभार के पंजीकरण के संबंध में होने वाली चूक के लिए क्या सजा है ? **4**

(द) प्रभावशाली संचार में आने वाली सामाजिक और मनोवैज्ञानिक बाधायें क्या है ? स्पष्ट कीजिए । **4**

(च) ऐसे सुरक्षा कवचों (Safeguards) का वर्णन कीजिए जो वित्त और लेखांकन पेशे तथा कानून द्वारा सृजित किए जा सकते हों जिससे आशंकाओं (Threats) को समाप्त या एक स्वीकार्य स्तर तक कम किया जा सके तथा जिससे किसी संगठन के नीतिगत पर्यावरण को सुनिश्चित किया जा सके । **4**

---